## एक नजर

### गांव गांव अवैध रूप से चल रही शराब डायरी का विरोध

**बनखेड़ी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा किसानों और मजदूरों के हक़ की लड़ाई को लेकर किसान-मजदूर अधिकार यात्रा की शुरुआत 1 सितम्बर बनखेड़ी उमरधा के पांसी घाट शुरू हो गई है ।8 सितंबर तक चलने वाली यह यात्रा मे किसानों की समस्याओं के साथ अवैध शराब बिक्री का विरोध भी सामने आया ।भुजबल पटेल ने आरोप लगाया कि गांव गांव में अवैध रुप शराब बेची जा रही है । ग्रामीणों का आरोप था कि शराब माफिया गांव में डायरी बनाकर शराब बिकवा रहा है । बुधवार तीसरे दिन बघेडी, राजौला, कलकुही, पाजरा, फतेहपुर महुआखेड़ा, आंधरा, सिंगापुर, पडरई, दहलवाडा, पीपरपानी, कोठरी, पतरकुही, मुर्गीढाना पहुंची ।महासंघ के किसान नेता जितेन्द्र भार्गव ने बताया कि आजादी के 78 साल बाद भी किसानों और मजदूरों को उनका सही हक और मेहनत का मूल्य नहीं मिल पा रहा है। मजदूरों को भी पर्याप्त रोजगार और मजदूरी नहीं मिल रही है।इन मुद्दों को लेकर यह जागरण यात्रा निकाली जा रही है ।जितेन्द्र भार्गव ने बताया कि गांव में अवैध रुप से डायरी बनाकर शराब बेची जा रही है ।इसका विरोध भी संघ द्वारा किया जाएगा ।खुशहाली के दो आयाम - ऋण मुक्ति और पूरा दाम .

# कजलियां देने पहुंचे, तो जिंदा दिखा बेटा

## बीमा राशि 15 लाख लेने के चक्कर में खुद का मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करवाया

**मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने का नियम है कि जिस स्थान पर मृत्यु होती है मृत्यु प्रमाणपत्र वहीं की पंचायत द्वारा जारी किया जाता है । तत्कालीन सचिव और आपरेटर द्वारा नियम विरुद्ध कार्य किया।**

नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी, 03 सितम्बर** उमरधा पंचायत में पिता और चाचा ने बीमा राशि के लालच में पुत्र का ही मृत्यु प्रमाणपत्र बनवा लिया ।10.04.2025 को उमरधा पंचायत के तत्कालीन सचिव ओमप्रकाश पटेल को नर्मदा कुशवाहा के पिता राजेंद्र कुशवाहा और उनके भाई ने सूचना दी कि उनके पुत्र की मौत हो गई है ।

और पंचायत सचिव ओमप्रकाश पटेल ने तत्परता दिखाते हुए बिना जांच किए दो दिन में ही 12.04.2025 को मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिया ।और उस मृत्यु प्रमाणपत्र को लेकर बीमा कंपनी से गलत तरीके से दावा पेश कर दिया। जबकि नर्मदा कुशवाहा जिंदा है ।

**बीमा कंपनी ने और सरपंच पिता ने पकड़ा मामला-** 29.08.2025 को भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारी मामले की जांच करने उमरधा पहुंचे तो वहां लोगों से जानकारी लगी की कि नर्मदा कुशवाहा की मौत तो हुई नहीं है ।मौके पर बीमा कंपनी के अधिकारियों ने पंचनामा बनाया । और वहां पर पदस्थ नये सचिव साहब सिंह पटेल और उमरधा पिंक पंचायत सरपंच जागृति सिंह जूदेव के पिता महेन्द्र सिंह जूदेव 29 अगस्त को ही बनखेड़ी थाने मामले की जानकारी देने पहुंचे। लेकिन टीआई विजय सनस ने कहा कि मामले की रिपोर्ट विभागीय जांच के बाद ही की जा सकती है ।और संबंधित विभाग में मामला की जानकारी देने को कहा ।

**नियम विरुद्ध अनदेखी कर बनाया प्रमाणपत्र -** 29.08.2025 में राजेंद्र कुशवाहा ने भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारियों के समक्ष स्वीकार कर लिया कि उसने उमरधा पंचायत में आवेदन दिया था कि उसके पुत्र नर्मदा की मृत्यु पिपरिया के हथवास पंचायत में हुई और अंतिम संस्कार नर्मदा के पिपरिया सांडिया घाट में हुआ । जबकि मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने का



यह नियम है कि जिस स्थान पर मृत्यु होती है मृत्यु प्रमाणपत्र वहीं की पंचायत द्वारा जारी किया जाता है ।तत्कालीन सचिव ओमप्रकाश पटेल और आपरेटर नारायण द्वारा उसके बाद भी यह नियम विरुद्ध कार्य किया।

**जिंदा है लेकिन लाचार है नर्मदा कुशवाहा -** नर्मदा कुशवाहा की पूर्व में ट्रेक्टर से दुर्घटना के बाद रीढ़ की हड्डी टूट गई थी ।जिसके कारण अब वो लगातार बिस्तर पर ही जीवन बिता रहा है ।कमर के नीचे का हिस्सा शून्य है ।

**ऐसे पता चला -** गांव में जब कोई खत्म हो जाता है तो सावन में पर अनरव में लोग कजलियां देने जाते है गांव के लोग जब कजलियां देने गए तो नर्मदा जिंदा मिला तो गांव के लोगों को पता चला किसी को पता ना चले इस लिए रखते थे गांव के बाहर की कोई देखे न.

**इनका कहना है कि**

मामला गंभीर था और जैसे ही हमें जानकारी मिली हमने भारतीय जीवन बीमा कंपनी और श्रीराम फायनेंस कंपनी को सूचित किया।

**महेन्द्र सिंह जूदेव, सरपंच के पिता, उमरधा**

मेरे पास 3 पंचायतों का प्रभार था मुझे ग्राम कोटवार और ऑपरेटर नारायण ने फोन लगाकर कहा कि ओटीपी आई होगी एक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना है आवेदन आया है मुझे ओटीपी दे दीजिए मैने ओटीपी दे दी मुझे पता नहीं था कि ये मामला ऐसा है -

**ओम प्रकाश पटेल तत्कालीन सचिव**

मामले की जानकारी प्राप्त हुई है । जांच टीम बनवाकर रिपोर्ट मांगी है । जो दोषी होगा उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी। -

**रीना कुम्हारिया, सीईओ जनपद पंचायत, बनखेड़ी**

## हाथी, घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, विमान में सवार होकर निकले नंदलाला

**सिराली।** परंपरा अनुसार डोल ग्यारस पर्व के अवसर पर नंदलाला विमान में सवार होकर निकले। नगर के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा पूजन और प्रसादी चढ़ाकर नंदलाला का बंदन किया। बैंड बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा में हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जय घोष के साथ भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाते रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान के विमान पर प्रसादी अर्पण कर डोल के नीचे से बच्चे और बड़ों ने निकलकर आशीर्वाद लिया। शोभा यात्रा में श्री राम मंदिर, बजरंग मंदिर, हनुमान बार्ड, पुराना बस स्टैंड सहित आधा दर्जन जगह के विमानों की आकर्षक विद्युत साज सज्जा और पुष्पों की सजावट कर समिति श्रद्धालुओं के द्वारा नंदलाला को विराजित कर नगर के चौपाटी, दाना बाबा, मुख्य बाजार, किसानी मोहल्ला, मेघनाथ चौक होते हुए गोंगई नदी के तट पर पहुंची यहां भगवान की पूजा अर्चना कर तिलभाडेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां देर शाम तक श्रद्धालु माता बहनों ने पहुंच कर नंदलाला की आरती उतारी। वही प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रद्धालुओ द्वारा पूजा अर्चना की.

# परंपरानुसार शास्त्रीय नृत्य 5 सितंबर को ग्राम जमानी में

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 03 सितम्बर** समीपस्थ ग्राम जमानी में 1960 के दशक में स्थापित श्री गणेशोत्सव कार्यक्रम इस वर्ष भी 5 सितंबर दिन शुक्रवार को रात्रि 9ः30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। आयोजनकर्ता प्रभुदयाल दुबे ने बताया कि इस बार भी देश के जाने माने कलाकारों द्वारा शास्त्रीय कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी। इस अवसर पर कत्थक नृत्य कलाकार अमृत मिश्रा, श्रीमती वसुंधरा शर्मा, सुश्री शिवानी पटेल अपनी कत्थक नृत्य एवं संरचनाओं की प्रस्तुति देंगे। संगत पर तबला वादक उदय शंकर मिश्रा, आनंद मिश्रा, गायक पं. विशाल मिश्रा सागर, सारंगी वादक अनिश मिश्रा अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजन समिति के पवन कुमार दुबे एवं गगन कुमार दुबे ने बताया कि सन् 1960 में स्व. पुरुषोत्तम लाल दुबे, स्व रविशंकर दुबे, स्व विजय शंकर दुबे, स्व शंभू दयाल दुबे ने इस कार्यक्रम की स्थापना की थी, जो आज भी जारी है। उन्होंने बताया कि गणेशोत्सव में अभी तक देश भर के अनेकों प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी है, लेकिन पहली



वंदना मुस्लिम गायक ने की थी। फिर हैदराबाद के शेख दाऊद के तबले पर विदिशा के गंगाप्रसाद पाठक ने गायन की प्रस्तुति दी थी। सागर के रामजी हर्ष सितार और लखनऊ के गिरधारीलाल सारंगी पर थे। 1962 में दिल्ली से नसीर अहमद खां और मुंबई से ताज अहमद खां भी अपनी प्रस्तुति जमानी के गणेशोत्सव में दे चुके हैं। उनके साथ तबला वादक निजामुद्दीन खां ने संगत दी थी।

# तवा डेम का जल स्तर खतरे के निशान के करीब

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 03 सितम्बर** जिले में हो रही लगातार भारी बारिश के कारण तवा डैम का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुँच गया है। आज सुबह 6.30 बजे, तवा परियोजना संभाग ने बढ़ते जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए डैम के 5 गेट 5-5 फीट तक खोल दिए हैं।

इससे 43,010 क्यूसेक अतिरिक्त पानी तवा नदी में छोड़ा जा रहा है। कार्यपालन यंत्री द्वारा जारी सूचना के अनुसार, डैम का वर्तमान जलस्तर 1164.80 फीट हो गया है। मौसम विभाग की आगामी 24 घंटे की भारी बारिश की चेतावनी और जल संग्रहण क्षेत्र में हो रही निरंतर वर्षा के कारण यह निर्णय लिया गया है।



नदी किनारे रहने वालों को चेतावनीत्तवा और नर्मदा नदी के किनारे बसे गाँवों के लोगों को विशेष रूप से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने लोगों से नदी के करीब न जाने और सुरक्षित स्थानों पर रहने का आग्रह किया है। यह कदम किसी भी संभावित खतरे को टालने के लिए उठाया गया है। जिले में बारिश का हाल - पिछले 24 घंटों में जिले की कई तहसीलों में भारी बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा वर्षा तहसील डोलरिया में 84.3 मिमी दर्ज हुई, जबकि बनखेड़ी में कुल वर्षा का आंकड़ा 1386.6 मिमी तक पहुँच गया है, जो इस सीजन की सबसे अधिक वर्षा है।

## जनसुनवाई में 13 आवेदन आए

**पिपरिया** जनसुनवाई में 13 आवेदन आये जिन्हे एसडीएम द्वारा संबंधित विभागो को भेज निराकरण के निर्देश दिये। इन आवेदनो में लगभग 6 आवेदन पिछली कई जनसुनवाई में दिये जाने के आरोप आवेदनकर्ताओं ने लगाये।

जनसुनवाई के दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्र से आये नागरिको से एसडीएम अनिशा श्रीवास्तव ने आवेदन लिये व संबंधित विभागो को भेज निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में हरिप्रसाद व अन्य द्वारा कालोनाईजर द्वारा छोडी गई गार्डन व मंदिर की जगह को विक्रय करने को लेकर शिकायत की।

# शराब बंदी को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**इटारसी. 03 सितम्बर** मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद इटारसी ने शराब बंदी को लेकर ज्ञापन सौंपा। मुस्लिम विकास परिषद इटारसी नगर अध्यक्ष शेख रमज़ान ने बताया की आगामी 5 सितंबर 2025 को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर प्रदेश सहित ज़िले में शराब दुकानें बंद कराने का आग्रह किया है।यह त्योहार इस्लामी पंचांग के तीसरे महीने रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है, और इसे पूरे भारत में मुस्लिम समुदाय बड़े उत्साह के साथ मनाता है।मध्य प्रदेश में भी इस त्योहार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा,और इसे राज्य में सार्वजनिक अवकाश के रूप में घोषित किया गया है।मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद की मांग है कि इस त्योहार के दौरान शराब दुकानें बंद रखी जाएं,ताकि त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाया जा सके।अध्यक्ष ने कहा कि यह त्योहार मुस्लिम समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और ऐसे में शराब दुकानें बंद रखना आवश्यक है।श्री शेख ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा पहले से ही प्रदेश में शराब बंदी के लिए अभियान चलाया हुआ है,उसी अभियान के साथ मुस्लिम समाज भी मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के साथ कांधे से कांधा मिला कर खड़ा है। ज्ञापन तहसीलदार शक्ति सिंह चौहान ने ग्रहण कर आगे प्रेषित करने की बात कही। ज्ञापन देने में मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अथर ख़ान,ज़िला उपाध्यक्ष इमाम शाह शिकोह मदारी,नगर अध्यक्ष इटारसी हांजी शेख रमजान, कोषाध्यक्ष शेख शकील,हफीज़ खान, शेख इमरान, रशिद भाई, शेख फारूक, नदीम कुरैशी, शहजाद अली मौजूद रहे।

## एसडीएम ने कार्यों की ली जानकारी

**पिपरिया, 03 सितम्बर 2025** एसडीएम ने तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व पटवारियों से गूगल वीसी के माध्यम से जानकारी ली। एसडीएम अनिशा श्रीवास्तव ने गूगल वीसी के माध्यम से तहसीलदार वैभव बैरागी,बनखेडी तहसीलदार अंजू लोधी,नायब तहसीलदार नीरज बैस,मनोज नामदेव, रामसिपाही मरावी, राजस्व निरीक्षक व पटवारियों से फार्मर रजिस्ट्री,नये टारगेट पर प्रगति वसूली को लेकर शिकायतो के समाधान,पीएम किसान की जानकारी निर्देशो का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# भगवान बिरसा मुंडा महाविद्यालय में छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 03 सितम्बर** भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय में छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोडने् के उद्देश्य से कुकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत के संरक्षण में, और स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती संध्या उपाध्याय एवं सह-प्रभारी आयुष सदराम के निर्देशन में यह प्रशिक्षण श्रीमती सुरजीत बवेजा द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल प्रदान कर उनके भविष्य को सुरक्षित करना है। इसी क्रम में, 1 से 7 सितंबर तक मनाए जा रहे पोषण आहार सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय में 'मोटे अनाज और स्वस्थ समाज' विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन एनएसएस प्रभारी डॉ. राधा आशीष पांडे ने किया, जबकि स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती संध्या उपाध्याय और आयुष सदराम ने इसका निर्देशन किया।

## केंद्रीय मंत्री श्री उईके आज आएंगे हरदा

**हरदा** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके आज 4 सितंबर को हरदा आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंत्री श्री उइके प्रात: 10 बजे बैतूल से हरदा के लिये प्रस्थान करेंगे। श्री उइके 11 बजे हरदा पहुँकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनमन, धरती आबा आदिवासी ग्राम उत्कर्ष अभियान तथा आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। मंत्री श्री उइके दोपहर 3 बजे हरदा से बैतूल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### 5 व 6 सितम्बर को मण्डी में नीलामी कार्य बंद रहेगा

**हरदा** सचिव कृषि उपज मण्डी हरदा ने बताया कि 5 सितम्बर को ईद-ए-मिलाद का शासकीय अवकाश होने तथा 6 सितम्बर को अनंद चतुर्दशी एवं पर्युषण पर्व का समापन होने के कारण मण्डी प्रांगण हरदा में नीलामी कार्य बंद रहेगा। अत: किसान भाई 5 व 6 सितम्बर को अपनी उपज न लाएं.

# एकल बौद्धिक प्रतियोगिता में भाई बहनों ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया



नव भारत समाचार

**हण्डिया 3 सितम्बर।** एकल एवं बौद्धिक प्रतियोगिता में हण्डिया सरस्वती शिशु विघा मन्दिर के भैया- बहनों ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।वह आगामी प्रात स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का नेतृत्व करेगें। संस्कृति ज्ञान प्रशन मंच व विज्ञान प्रशन मंच में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर हंडिया सरस्वती शिशु मंदिर के संयोजक रूप नारायण तिवारी, व विघालय प्रधानाचार्य ग्रीस गागोले,संकूल प्रमुख राम तिवारी, नितिन तिवारी, एवं समस्त विधालय परिवार ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## नपाध्यक्ष ने किया सड़क निर्माण का निरीक्षण

**पिपरिया** नगरपालिका अध्यक्ष ने सडक निर्माण का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।वही स्ट्रीट लाईट शुरू करवाई। नगरपालिका क्षेत्र में पचमढी रोड,साडिया रोड,शोभापुर रोड पर सडक निर्माण का कार्य चल रहा है। गणेशोत्सव व आगामी समय में आने वाले दुर्गा उत्सव को लेकर मुख्य मार्गो पर स्ट्रीट लाईट लगाई जा रही है। पचमढी रोड पर लगने वाली स्ट्रीट लाईट का नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल ने स्ट्रीट लाईट शुरू करवाई।

# बाबा रामदेव जी की शोभायात्रा में जमकर झूमे भक्त, जगह - जगह हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 03 सितम्बर** सिवनी मालवा में भादौ मास की दशमी बाबा रामदेवजी का जन्मदिवस के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई जो सिवनी मालवा के संकटमोचन हनुमान मंदिर से शुरू हुई तथा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए भीलटदेव स्थित रामदेव बाबा मंदिर पहुंची। जहां विशेष पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन प्रसादी का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में बाबा रामदेव की मनमोहक झांकी निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे अश्व पर सवार युवक निशान लेकर चल रहे थे। बाबा रामदेव की मनमोहक झांकी निकाली गई। शोभायात्रा में बेंड बाज़ों की धुन पर सैंकड़ों महिला, पुरुष सहित बच्चे बाबा के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में भजन गायक अनिरुद्ध शर्मा हैदराबाद ने बाबा के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। झांकी के साथ बड़ी संख्या में भक्त हाथों में बाबा रामदेवजी का ध्वज लेकर जयकारों के साथ नाचते गाते निकले। शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बाबा की पूजन आरती कर यात्रा में पैदल चल रहे भक्तों को जलपान कराया। बानापुरा में पालीवाल खाद भंडार पर पंडित बालकृष्ण शर्मा और उपस्थित साथियों के द्वारा बाबा की पूजन आरती की और पैदल चल रहे बाबा के भक्तों को स्वल्पाहार कराया। हरिशंकर तंवर के नेतृत्व में पूजन आरती कर जलपान कराया।

# देश में साइकिल से भ्रमण कर रास्ते में लगाते आ रहे पौधे

नवभारत न्यूज

**हरदा, 03 सितम्बर** कलेक्टर सिध्दार्थ जैन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साइक्लिस्ट सुबोध विजय गांगुर्डे के साथ पौधरोपण किया।

इस दौरान उन्होने आम व जाम के 10 पौधे लगाए। इस अवसर पर लायंस क्लब हरदा की अध्यक्ष श्रीमती अंजू भायरे, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता बागरे तथा सचिव श्रीमती शीनू बंसल , शुभम बंसल , डॉ विश्वनाथ चांदनी , डॉ राहुल दुबे, अमित तोषनीवाल, शिरिष अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने श्री गांगुर्डे से मुलाकात कर उनकी यात्रा के बारे में जानकारी ली।

उन्होने श्री गांगुर्डे को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनकी सफल यात्रा की मंगल कामना की। महाराष्ट्र के रायगढ़ के रहने वाले 26 वर्षीय श्री गांगुर्डे ने बताया कि वे देश में साइकिल से भ्रमण कर रास्ते भर पौधे लगाते आ रहे हैं। उनका अंतिम पड़ाव माउण्ट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचना है। पिछले साल शुरू हुई साइकिल यात्रा दो साल बाद 2027 में पूरी होगी। श्री गांगुर्डे ने बताया कि वे पहले भी माउंट एवरेस्ट पर फतह कर चुके हैं। वह बीते 4 साल से लद्दाख, हिमाचल व उत्तराखंड में टूरिस्ट गाइड का काम करते आ रहे हैं। उनकी यात्रा 19 जून 2024 को शुरू हुई थी। यात्रा अब तक 442 दिन पूरी कर चुकी है। अभी तक वह लगभग 40 हजार किलोमीटर का सफर कर लगभग 36 हजार पौधों का रोपण कर चुके हैं।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र कान्हा शर्मा का नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश कुबेर शर्मा दर्ज हो गया है . जबकि मेरे पुत्र के अन्य दस्तावेज जन्म प्रमाणपत्र, समग्र आईडी, स्कूली दस्तावेज में उसका नाम कान्हा शर्मा आत्मज श्री मुकेश शर्मा दर्ज है . मेरे द्वारा इस सूचना का प्रकाशन मेरे पुत्र कान्हा शर्मा के आधारकार्ड में कुबेर शर्मा के स्थान पर सही नाम कान्हा शर्मा दर्ज कराने हेतु किया जा रहा है . इस बाबत मेरे द्वारा एक शपथ पत्र भी निष्पादित किया गया है .

**श्रीमति राजकुमारी शर्मा पत्नि स्व . श्री मुकेश शर्मा, निवासी चामुण्डा चौराहा, गांधी नगर तहसील इटारसी**

## नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं वेदप्रकाश सेवानिवृत्त नायक (आर्मी),मेरे पुत्र का पूरा नाम रुद्राक्ष बिल्लौरे ( RUDRAKSHA BILLORE) है,यही नाम सभी दस्तावेजों में दर्ज है,जबकि मेरे फौजी दस्तावेज में पुत्र का नाम रुद्राक्ष अंकित है,अब से मेरे संबंधित सभी दस्तावेजों में उसके सही नाम रुद्राक्ष बिल्लौरे से जाना व पहचाना जावे,एवं मेरे संबंधित दस्तावेज में यही सही नाम दर्ज हो।

**वेदप्रकाश S/O चंपालाल सेवानिवृत्त नायक,आर्मी शहीद भगतसिंह वार्ड क्रमांक 6,खेड़ीपुरा,हरदा (मप्र)**


# बारिश के बीच डोल में बैठकर जलविहार करने मंदिर से निकले भगवान



नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 03 सितंबर 2025,** मध्यप्रदेश में सिवनी मालवा के डोल सबसे ज्यादा प्रसिद्द है। यहां प्राचीनकाल से डोल ग्यारस पर डोल निकालने की परंपरा निरन्तर जारी है। यहां डोल पर्व असीम उत्साह श्रद्धाभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया जा रहा है। सिवनी मालवा नगर सहित ग्रामीण अंचलों में उत्साह व श्रद्धाभक्ति के माहौल में धूमधाम से डोल निकाले गये। तहसील के अनेक ग्रामों के मंदिरों से भगवान विमानों में विराजित होकर जल विहार करने के लिए निकाले। सिवनी मालवा में डोल ग्यारस पर निकलने वाले विमान में सबसे पहले बानापुरा नरसिंह मन्दिर से सुंदर कलाकारी से सजाया हुआ डोल निकाला जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए सिवनी मालवा पहुंचा। गोटियापुरा मोहल्ला के प्रसिद्ध प्राचीन श्रीराम जानकी छतरी मंदिर से फूलों से सजा विमान बारिश निकाला गया विमान के साथ भगवान नरसिंह की आकर्षक झांकी सजाकर निकाली जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। विमान गाजेबाजे के साथ नगर के मुख्य मार्गों से होकर बडी धूमधाम से निकले। बारिश के बाद भी विमान में विराजमान भगवान की जगह जगह पूजन कर आरती उतारी और दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। डोल के साथ तेज बारिश के वावजूद भी श्रद्धा भक्ति की उमंग कम नहीं हुई। झांकी के आगे-आगे युवा ढोल-नगाड़ों की थाप, बैंडबाजों की धुनों पर लोग नाचते गाते चल रहे थे। वहीं परम्परागत अन्य मंदिरों के विमान भी निकाले गये जिसमें अनेकों प्रकार के नृत्य के साथ अखाड़ों का मनमोहक प्रदर्शन किया। देर रात्रि तक डोल ग्यारस की धूम रही। डोल नगर के मुख्य मार्गों से गांधी चौक, जेल रोड होते हुए शक्ति घाट पहुंचे जहां भगवान को जलविहार कराया गया पश्चात विमान वापसी मन्दिर पहुँचे। सिवनी मालवा में परम्परागत सर्वप्रथम छत्रिय मंदिर का डोल सबसे आगे निकाला उसके बाद बड़े मंदिर के डोल के साथ गुरुग्रंथ साहिब सिख समाज, राठौर समाज, कुशवाहा समाज, तमोली समाज सहित अन्य डोल विभिन्न मंदिरों से निकाले गए। डोल में भगवान कृष्ण की मूर्ती विराजित कर उन्हें नगर भ्रमण कराया गया। जगह जगह भक्तों ने दर्शन किये भगवान की पूजन अर्चना कर आरती उतारी। भगवान के डोल शक्ति घाट पर पालना झुलाकर पुनः मंदिर में लाकर मूर्ती को स्थापित किया गया। डोल देखने भगवान के दर्शन करने ग्रामीण अंचलो से आने वाले हजारों ग्रामीणों एवं नागरिक श्रृद्धालु भक्तों के लिए जगह जगह जलपान चाय फल खाने की व्यवस्था कराई जिसमें हजारों भक्तों ने जलपान ग्रहण किया। ज्ञात हो कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की एकादशी को डोल ग्यारस, जलझूलनी या परिवर्तिनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अठारहवें दिन माता यशोदा ने भगवान श्रीकृष्ण की जल घट पूजा की थी। तभी से इस परंपरा की शुरुआत हुई। जलवा पूजन के बाद ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ किए जाते हैं।

## शहर में निकले विमान, महिलाओं ने की पूजा अर्चना

**हरदा** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी पट्टाभिराम मंदिर , बड़ा मंदिर, गोलापुरा , पंचायती मंदिर, गाड़ी मंदिर , कन्हैया मंदिर आदि मंदिर से माता यशोदा का विमान डोल ग्यारस पर नियत समय पर भजन कीर्तन एवं विद्युत साज-सज्जा के साथ भव्य रूप में पूरे नगर में भ्रमण कर प्राचीन सड़क घाट पर पहुंचा ।जहां मां यशोदा का जलवाय पूजन कराया एवं आरती कर सूरज दर्शन कर वापसी के दौरान घरों घर महिलाओं ने विमान में विराजमान मां यशोदा की चावल बादाम खारक मेवे से गोद भरी एवं पूजन आरती कर सुख समृद्धि की कामना की।डोल के साथ भजन मंडल कीर्तन करते हुए चलते रहे ।मंडल का जगह जगह चाय पानी एवं फलहारी खिचड़ी खिला कर स्वागत किया गया। आज की एकादशी कई नामों से जानी जाती है जैसे कि जलझूलनी एकादशी व परिवर्तनीय एकादशी,पदमा एकादशी जैसे कई नामों से जानी जाती है।पुराण के अनुसार आज भगवान विष्णु अपनी शयन सैया पर करवट बदलते हैं आज के दिन माता यशोदा को झूला झूलाकर जल देकर बाल कृष्ण की पूजा करते हैं इसी कारण इसे जलझूलनी एकादशी कहा जाता है।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद हरदा जिला हरदा मप्र

क्रं. 5649 जल प्रदाय 2024 हरदा दिनांक 02.09.2025

### ई-निविदा सूचना

**Tender Notice No.**- 2025_UAD_448350_1 Date : 01/09/25

**कार्य का नाम** - हंडिया जल संयंत्र पर स्टोर रूम निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा। अनुमानित लागत क्रमशः Rs. 6,36,786 अमानत राशि Rs. 6368 ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय 01/05/2025 से 15/09/2025 तक तथा ई-निविदा 15/09/2025 को समय 05.30 PM बजे तक खोली जायेगी। निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता: WWW.MPTENDRS.GOV.IN

**मुख्य नगपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद हरदा**